MSW-001
MSW-002
MSW-005
MSW-003
MSW-004
MSW-006
MSWE-010
MSW-032

समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष)

सत्रीय कार्य : 2026–2027

पाठ्यक्रम शीर्षक

एम.एस.डब्ल्यू–001	:	समाज कार्य का उद्‌गम और विकास
एम.एस.डब्ल्यू–002	:	व्यावसायिक समाज कार्य : भारत परिप्रेक्ष्य
एम.एस.डब्ल्यू–005	:	समाज कार्य में प्रयोग और पर्यवेक्षण
एम.एस.डब्ल्यू.–003	:	आधारभूत सामाजिक विज्ञान की संकल्पनाएं
एम.एस.डब्ल्यू.–004	:	समाज कार्य एवं सामाजिक विकास
एम.एस.डब्ल्यू.–006	:	समाज कार्य अनुसंधान
एम.एस.डब्ल्यू.ई.–010	:	अफ्रीका के संदर्भ में समाज कार्य
एम.एस.डब्ल्यू–032	:	समाज कार्य और आपराधिक न्याय

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः

जुलाई,2026 सत्र – 31 मार्च,2027

जनवरी,2027 सत्र – 30 सितम्बर,2027

नोट : कृपया उन पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य लिखें जिन्हें आपने चुना है।

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एम.एस.डब्ल्यू. (प्रथम वर्ष)कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें। एम.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के एम.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेष्क से मिलें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

डॉ. जी दिलीप दिवाकर
(कार्यक्रम समन्वयक)

समाज कार्य एवं सामाजिक विकास
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–004
कुल अंक–100

नोट : i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) प्रवास के प्रमुख सिद्धांतों की चर्चा करें और भारत में समकालीन प्रवास पैटर्न की व्याख्या करने में उनकी प्रासंगिकता की जांच करें। 20

अथवा

ग्रामीण–शहरी निरंतरता की अवधारणा की व्याख्या करें। भारत में शहरीकरण की प्रक्रिया को समझने में इसके महत्व पर चर्चा करें। 20

2) सतत विकास को परिभाषित करें और पर्यावरण और सामाजिक चिंताओं के संदर्भ में इसके प्रमुख आयामों पर आलोचनात्मक चर्चा करें। 20

अथवा

मानव विकास की अवधारणा पर चर्चा करें। मानव कल्याण को मापने में विकास संकेतकों के महत्व को समझाइए। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (**300** शब्दों में) दीजिए:

क) जनसंख्या और विकास के बीच संबंध की व्याख्या करें। 10

ख) भारत में सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में मौलिक अधिकारों की भूमिका पर चर्चा करें। 10

ग) भारत में विकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जांच करें। 10

घ) आधुनिक समाज में औद्योगीकरण के सामाजिक परिणामों की चर्चा कीजिए। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (**150** शब्दों में) दीजिए:

क) वंचित समूहों को सशक्त बनाने में कानूनी सहायता की भूमिका का वर्णन करें। 5

ख) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के प्रमुख प्रावधानों पर चर्चा कीजिए। 5

ग) असमानता पर वैश्वीकरण के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 5

घ) सामाजिक कार्य और मानवाधिकारों के बीच संबंध की व्याख्या करें 5

ङ) कल्याणकारी अर्थशास्त्र के लिए क्षमताओं के .ष्टिकोण का वर्णन करें। 5

च) विस्थापन के धक्का और खिंचाव कारकों की व्याख्या कीजिए। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (**100** शब्दों में) लिखिए:

क) शुद्ध प्रवास 4

ख) मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) 4

ग) जेंडर मुख्यधारा 4

घ) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत 4

ङ) संवैधानिक उपचारों का अधिकार 4

ङ) जनहित याचिका (पीआईएल) 4

च) बाल अधिकार 4

छ) सामाजिक वकालत 4